# नगर पंचायत शाहपुर, जिला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का
# अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
## अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024
## भाग-एक

1 **(क) प्रारम्भिक**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1-376 /81-फिन (एल०ए० खण्ड –(ख) दिनांक 10.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखों के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर पंचायत शाहपुर के लेखों, अवधि 01/04/23 से 31/03/2024 का अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अवधि 01/04/2023 से 31/3/2024 के दौरान नगर पंचायत शाहपुर में प्रधान व सचिव के पद पर निम्नलिखित पदाधिकारी कार्यरत रहे:-**

**प्रधान :-**

| **क्र०स०** | **नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति नीशा शर्मा | 01-04-23 से 18-07-23 |
| 2. | श्रीमति उषा देवी | 21-08-23 से 31-03-24 |

**सचिव :-**

| **क्र०स०** | **पदाधिकारियों के नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1. | श्री आदित्य चौहान | 01-04-23 से 13-04-23 |
| 2. | श्री प्रदीप कुमार | 14-04-23 से 31-03-24 |

**(ख) अंकेक्षण अवधि के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त विवरण :-**

| **क्र० सं०** | **गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त विवरण** | **पैरा संख्या** | **(₹) लाखों में** |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुदानों का उपयोग न करना | 7.2 | 237.70 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना | 7.3 | 292.36 |
| 3. | विविध स्रोतों से अपेक्षित आय का वसूली हेतु शेष पाया जाना \| | 8.1,9.1, 10.1 | 50.56 |
| 4. | कूड़ा संग्रहण योजना के अंतर्गत किये गये व्यय के विरुद्ध कम आय के कारण वित्तीय हानि | 9.2 | 32.62 |
| 5. | Labour Cess ( श्रम उपकर) जमा न करना | 14 | 1.59 |
| 6. | रा०व०मा० पाठशाला शाहपुर से स्पीच स्टेज निर्माण के लिए प्राप्त राशि से अधिक का कार्य निष्पादन | 16 | 1.46 |
| 7. | प्रधानमन्त्री आवास योजना के अन्तर्गत किये भुगतान अनियमिताएं | 19 | 29.65 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

संस्था द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कोई विशेष कार्रवाई नहीं की गई थी I वर्तमान अंकेक्षण उपरांत पैरों की नवीनतम स्थिति का विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट-"1"** पर दिया गया है I नगर पंचायत द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करना अत्यंत चिन्ताजनक है I अतः नगर पंचायत इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/ कार्रवाई सुनिश्चित करें, तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से यथासमय अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए, ताकि अधिक से अधिक पैरों का समायोजन/निपटारा सम्भव हो सके I

**भाग- दो**

**2 वर्तमान अंकेक्षण**

नगर पंचायत शाहपुर के लेखों अवधि 01/04/2023 से 31/03/2024 का वर्तमान अंकेक्षण कार्य श्री प्रीतम चन्द, अनुभाग अधिकारी (लेखा परीक्षा) द्वारा दिनाँक 26-12-2024 से 15-02-2025 तक नगर पंचायत शाहपुर के कार्यालय में निष्पादित किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये हैं । लेखों की विस्तृत पड़ताल हेतु आय एवं व्यय के लिए मासों का चयन निम्न प्रकार से किया गया।

| **वर्ष** | **आय** | **व्यय** |
|---|---|---|
| 2023-24 | 01/24 | 01/24 |

**अस्वीकरण:- इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण सचिव, नगर पंचायत शाहपुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो प्रदान नहीं की गई हैं, के लिए हि.प्र. राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं है। अंकेक्षण की जिम्मेवारी केवल विस्तृत पड़ताल हेतु चयनित माह तक सीमित है।**

**3 अंकेक्षण शुल्क :-**

नगर पंचायत के अवधि 01/04/20 से 31/03/24 तक के लेखाओं का अंकेक्षण शुल्क ₹20,000 /- आँका गया। उक्त राशि को राजकीय कोष में जमा करने हेतु सचिव, नगर पंचायत शाहपुर से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, के नाम बैंक ड्राफ्ट बनाकर शिमला भेजने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 87 दिनाँक 19-02-2023 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में नगर पंचायत द्वारा ड्राफ्ट संख्या 458963 दिनाँक: 04.03.25 माध्यम से उक्त राशि को निदेशक, हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-171009 को प्रेषित कर दिया गया है।

**4 वित्तीय स्थिति:-**

नगर पंचायत के अवधि 01/04/23 से 31/03/24 के विभिन्न निधि लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट –"2"** पर दिया गया है:-

**(क) सामान्य रोकड़ बही**

**Consolidated Financial Position of Nagar Panchyat Shahpur Distt. Kangra as on 31-03-24**

| Year | Name of Head | Opening Balance (₹) | Receipt During the Year (₹) | Intrest Received (₹) | Total (₹) | Expenditure (₹) | Clossing Balance (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | Own Sources | 38,50,964.00 | 18,73,317.00 | 7,31,190.00 | 64,55,471.00 | 44,32,818.00 | 20,22,653.00 |
| | Grant-in- Aid | 2,40,75,030.00 | 2,89,30,918.00 | - | 5,30,05,948.00 | 2,92,35,712.00 | 2,37,70,236.00 |
| | Total | 2,79,25,994.00 | 3,08,04,235.00 | 7,31,190.00 | 5,94,61,419.00 | 3,36,68,530.00 | 2,57,92,889.00 |

| | |
|---|---|
| **Total as per General Cash Book as on 31.03.2024 (Bank-₹25798904 + Cash in hand – ₹985)** | **25792889** |
| **Total as per Bank Accounts as on 31.03.2024. (Detail Given Below)** | **25798904** |

| | |
|---|---|
| **Difference between Cash Book and Bank Accounts as on 31.03.2024** | **6015** |

**Detail of Bank Accounts as on 31.03.2023**

| Sno | Account No. | Bank Name | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 50100487452231 | HDFC Bank | 1801799 |
| 2 | 50100456052336 | HDFC Bank | 21179568 |
| 3 | 50100378126238 | HDFC Bank | 20265 |
| 4 | 50100413140964 | HDFC Bank | 2619 |
| 5 | 50100487452409 | HDFC Bank | 217536 |
| 6 | 50100420632227 | HDFC Bank | 570068 |
| 7 | 50100451368635 | HDFC Bank | 281813 |
| 8 | 6616101001174 | Canara Bank | 7886 |
| 9 | 50068374261 | Kangra Co-op Bank | 1711998 |
| 10 | 65170272103 | SBI | 5352 |
| | | | **25798904** |

**Bank Reconciliation Statement**

| | |
|---|---|
| **Balance as per Cash Book as on 31-03-2024** | **25792889** |
| **Add :- cheque issued but not debited by bank – Chq No 453383 dated 22.03.24 – M/s Brjeshwari Arts** | **7000** |
| **Balance** | **25799889** |
| **Balance as per Banks Pass books** | **25698904** |
| **Cash in hand** | **985** |
| **Difference** | **0** |

## (ख) पेंशन/ग्रेचुट्टी रोकड़ बही

| Year | Opening Balance (₹) | Receipt During the Year (₹₹) | Intrest Received (₹) | Total (₹) | Expenditure (₹) | Closing Balance (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 47348 | 74208 | 2297 | 123853 | 0 | 123853 |

**Balance as per Bank A/c**

| Sno | Account No. | Bank Name | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 50100456293633 | HDFC Bank | 123853 |

## 5.1 तुलन पत्र (Balance Sheet) तैयार न करना व दोहरी लेखा पद्धति को लागू न करने के कारण लेखों का सत्यापन न कर पाना :-

निदेशक, शहरी विकास हिमाचल प्रदेश के पत्र सं. UD –H(C)-15-49/2003-III 3332-3379 Dt. 25.03.2009, UD –H(C)-15-49/2003-III 9337-9385 Dt. 07.09.2009, और पत्र सं. UD–H(C)-15-49/2003-IV 5215-63 Dt. 19.07.2010 द्वारा सभी नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिये गए थे कि लेखा खातों को दिनांक 01.04.2009 से दोहरी लेखा पद्धति (Double Entry System on Accural Basis) से रख-रखाव किया जाए किन्तु वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखा खातों को नगर पंचायत शाहपुर द्वारा उक्त आधार पर तैयार नही किया गया था इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा अंकेक्षण अवधि हेतु तलपट (Trial Balance) व तुलन पत्र (Balance Sheet) के आधार पर भी लेखा खाते तैयार नहीं किये गये थे जिस कारण संस्था के लेखा खातों का तलपट (Trial Balance) व तुलन पत्र (Balance Sheet) के आधार पर सत्यापन नहीं किया जा सका। अंकेक्षण अवधि के दौरान नगर पंचायत शाहपुर द्वारा अपने लेखा खातों को एकल पद्धति के आधार पर बनाया गया था, जिसका सत्यापन अंकेक्षण के दौरान कर लिए गया है। अत: निदेशक, शहरी विकास विभाग हि.प्र. के निर्देशों की अवहेलना करके लेखों को दोहरी लेखापद्धति (Double Entry System on Accural Basis) के स्थान पर एकल लेखा पद्धति के आधार पर अनुरक्षण करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए एवं सरकार के निर्देशानुसार लेखों को दोहरी पद्धति (Double Entry System on Accural Basis) के आधार पर बनाया जाना तुरंत सुनिश्चित किया जाए तथा कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5.2 नगर पंचायत के तीन वर्षों का आय –व्यय का विवरण :-

नगर पंचायत शाहपुर द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार संस्था के गत तीन वर्षों अर्थात 2020-21 से 2022-23 तक के आय व्यय का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| वित्तीय वर्ष | स्व: स्रोत से आय (₹) | अनुदान राशि (₹) | कुल व्यय (₹) |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 1599486 | 20076649 | 12894134.90 |
| 2022-23 | 1603649 | 28703274 | 31429152.50 |
| 2023-24 | 1873317 | 28930918 | 33668530.00 |

## 6 निवेश :-

नगर पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कोई भी निवेश नही किया गया था।

## 7.1 अनुदान

**वित्तीय स्थिति :-**

नगर पंचायत शाहपुर द्वारा अंकेक्षण अवधि 04/2023 से 3/2024 तक से सम्बंधित अनुदान की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "3"** में भी दिया गया है :-

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | अनुदान प्राप्त (₹) | कुल राशि (₹) | व्यय (₹) | अंतिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 24075030 | 28930918 | 53005948 | 29235712 | 23770236 |

## 7.2 अनुदान की अनुपयुक्त ₹237.70 लाख का शेष :-

अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट – "3"** पर अनुदानों की विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न शीर्षकों के अंतर्गत विभिन्न स्रोतों से प्राप्त अनुदान की राशि में से दिनाँक 31-3-2024 को ₹2,37,70,236 /- की अनुपयुक्त राशि शेष थी, जबकि अनुदानों से संबन्धित स्वीकृत पत्रों के अनुसार यह राशियाँ निश्चित अवधि के भीतर उपयोग की जानी अपेक्षित होती है ।इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे सचिव, नगर पंचायत शाहपुर को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-22, दिनाँक 11-02-2025 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था , जिसके प्रत्युत्तर में सचिव, नगर पंचायत द्वारा पत्र संख्या शून्य दिनाँक 15.02.25 के माध्यम से अंकेक्षण को सूचित किया कि उपरोक्त राशि को आगामी वित्त वर्ष में खर्च कर लिया जाएगा । अत: अनुपयुक्त राशियों को उन्ही उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिन उद्देश्यों हेतु यह प्राप्त की गई थी तथा कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 7.3 अनुदानों से व्यय ₹292.36 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करना:-

अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट "4"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान अनुदानों में से ₹2,92,35,712 /-का व्यय दर्शाया गया था लेकिन दिनाँक 31-03-2024 तक अनुदानों के व्यय से सम्बन्धित कोई भी उपयोगिता प्रमाण पत्र सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गये जिसके अभाव में अनुदानों के उपयोग का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव नहीं हो सका। उपयोगिता प्रमाण पत्र सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे सचिव, नगर पंचायत

को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-22, दिनाँक 11-02-2025 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था । जिसके प्रत्युत्तर में सचिव, नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को पत्र संख्या शून्य दिनाँक 15.02.25 द्वारा सूचित किया कि उपरोक्त खर्च किये अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिए जाएगे | नियमानुसार खर्च किये अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्रों सम्बन्धित संस्था को जारी न करना गम्भीर अनियमितता है। अत: उपरोक्त अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित संस्था को जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**8.1 गृह कर की ₹24.28 लाख वसूली हेतु शेष :-**

नगर पंचायत की आय का मुख्य साधन गृहकर है, जिससे प्राप्त आय को वहाँ की जनता की सुविधाओं के लिए उपयोग किया जाता है, नगर पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना जिसका विवरण **परिशिष्ट "5"** में दिया गया है, के अनुसार नगर पंचायत को दिनाँक 31-03-2024 तक कुल राशि ₹24,27,997/- गृहकर के रूप में वसूलनी शेष थी, जो निम्न प्रकार से है :-

| वित्तीय वर्ष | अथशेष (₹) | मांग (₹) | कुल मांग (₹) | प्राप्ति (₹) | अंतशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 0 | 2490613 | 2490613 | 62616 | 2427997 |

नगर पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान केवल मात्र ₹62,616/- का गृहकर वसूल किया गया है, जोकि कुल मांग का 2.5% है | गृहकर की वसूली न करना एक अति गम्भीर वित्तीय अनियमितता का मामला है । उक्त राशि की वसूली नियमित तौर पर न करने बारे सचिव, नगर पंचायत को अंकेक्षण अधियाचना संख्या- 24, दिनाँक 13.02.25 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था। इस सम्बन्ध में सचिव, नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उनके पत्र संख्य शून्य दिनाँक 15.02.25 द्वारा सूचित किया गया कि नई नगर पंचायत होने के कारण पहली बार इसी वित्तीय वर्ष से गृहकर की वसूली करना शुरू की है इसलिए कम वसूली हुई है तथा भविष्य में उपरोक्त राशि की वसूली कर ली जाएगी | अत: बकाया राशि की वसूली प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**8.2 गृहकर की मांग एवं संग्रहण पंजिका प्रस्तुत न करने बारे :-**

गृहकर से सम्बन्धित मांग तथा संग्रहण रजिस्टर व अन्य आवश्यक अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए। उपरोक्त प्रकरण से ऐसा प्रतीत होता है कि नगर पंचायत द्वारा गृहकर का मांग तथा संग्रहण रजिस्टर संधारित नही किया जा रहा, जोकि गम्भीर मामला है। अधियाचना

संख्या 09 दिनाँक 20.01.25 द्वारा गृहकर का मांग तथा संग्रहण रजिस्टर को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया था, परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ । अतः वांछित अभिलेख के अभाव में नगर पंचायत द्वारा दर्शाई गई मांग तथा बकाया राशि की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी |अत: उपरोक्त बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए गृहकर के मांग तथा संग्रहण रजिस्टर को संधारित कर अंकेक्षण में सत्यापना हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9.1 घर-घर से कूड़ा एकत्रीकरण हेतु यूजर चार्जेज के ₹26.23 लाख वसूली हेतु शेष :-**

नगर पंचायत की आय का मुख्य साधन घर-घर से कूड़ा करकट (User charges) भी है, जिससे प्राप्त आय, को वहाँ की जनता की सुविधाओं के लिए उपयोग किया जाता है । अतः इसकी नियमित तौर पर वसूली की जानी जरूरी है । नगर पंचायत शाहपुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार प्रस्ताव संख्या 53/2021, दिनाँक 24.08.21 द्वारा दरें निर्धारित की गई थी। परन्तु दिनाँक 31.03.2024 तक घर-घर से कूड़ा करकट के रूप में ₹26,23,425/-की राशि वसूली हेतु शेष थी, जिसका इसका विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "6"** में भी दिया गया है।

| Year | Opening Balance (₹) | Demand (₹) | Total (₹) | Collection (₹) | Balance (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 1355550 | 2098800 | 3454350 | 830925 | 2623425 |

उपरोक्त प्रकरण के सन्दर्भ में सचिव, नगर पंचायत शाहपुर को अंकेक्षण अधियाचना संख्या-24 दिनाँक 13 -02-2025 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया था। इस सम्बन्ध में सचिव, नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि उक्त बकाया राशि की वसूली कर ली जाएगी | अत : डोर टू डोर (घर द्वार) कूड़ा एकत्रीकरण हेतु यूजर चार्जेज की नियमित तौर पर वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**9.2 कूड़ा संग्रहण योजना के अन्तर्गत किये गये व्यय के विरुद्ध कम आय के कारण नगर पंचायत को ₹32.62 लाख की वित्तीय हानि।**

नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना/अभिलेख के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान डोर-टू-डोर गार्बेज यूजर चार्जेज (Door to Door Garbage Collection) के रूप में ₹**8,30,925**/- (विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "7 "**) प्राप्त/एकत्रित किये थे तथा इसके एवज में गार्बेज एकत्रीकरण तथा सैनिटेशन पर ₹**40,93,150**/- (विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "7.1"**) खर्च किये गये थे, जिसके फलस्वरूप नगर पंचायत को अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न विवरणानुसार

₹32,62,225/- की अधिक राशि व्यय की गई जबकि नगर पंचायत द्वारा वार्षिक मांग के बराबर राशि की वसूली भी नहीं की जा रही है।

| Year | Amount received on account of Door to Door Garbage Collection Charges (₹) | Amount incurred on this account (₹) | Deficit (₹) |
|---|---|---|---|
| 2023-2024 | 8,30,925.00 | 40,93,150.00 | (-)32,62,225.00 |

उपरोक्त वित्तीय हानि का मुख्य कारण कम दर से वसूली करना, बकाया राशि की वसूली हेतु ठोस कदम न उठाना ,नगर पंचायत के स्तर पर आवश्यकता से अधिक कर्मचारियों की तैनाती व व्यक्तिगत बही खातों का संधारण न करना इत्यादी है | मांग व प्राप्ति रजिस्टर का संधारण न किये जाने के परिणामस्वरूप उक्त आय शीर्षक की मांग, बकाया ,उपयोगकर्ता श्रेणी, लागू व वसूली गई दरों इत्यादि की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी । इसके अतिरिक्त नगर पंचायत द्वारा अधिसूचित उपयोगकर्ता श्रेणी व उन पर लागू दर इत्यादि का उल्लेख प्राप्त शुल्क की रसीदों व अन्य कही भी न पाए जाने के अभाव में किसी भी प्रकार से कम वसूली व वित्तीय गड़बड़ी की संभावना को भी नहीं नकारा जा सकता है।

(i). नगर पंचायत शाहपुर के प्रस्ताव संख्या प्रस्ताव संख्या 53/2021, दिनाँक 24.08.21 के अंतर्गत डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन ((Door to Door Garbage Collection) हेतु उपयोगकर्ता की श्रेणी का वर्गीकरण तथा देय शुल्क निर्धारित किया गया था। उक्त प्रस्ताव के तहत जारी तालिका में उपयोगकर्ता के वर्गीकरण/श्रेणी के हिसाब से अलग-2 दरें थी, जैसे मकान-₹50/-, ढाबा/कैंटीन-₹300/-,निजी पाठशाला-₹500, वार्क-शॉप-₹500, इत्यादि परन्तु अंकेक्षण दौरान अभिलेखों/रसीदों के अवलोकन में पाया गया कि इस प्रकार के वर्गीकरण किये बिना केवल ₹100/- तथा ₹200/- की नाममात्र दर से शुल्क की वसूली की जा रही है | अत: इस सम्बन्ध में सुधारात्मक कार्रवाई हेतु विभाग के उच्चाधिकारियों का विशेष ध्यान आकृष्ट किया जाता है |

**9.3 गार्बेज यूजर चार्जेज (Door to Door Garbage Collection) से प्राप्त राशि को बैंक में विलम्ब से जमा करने बारे :-**

सामान्यत: सरकार द्वारा आय के रूप में प्राप्त धन राशि को उसी दिन या अगले कार्य दिवस को रोकड़ बही में इंद्राज कर सरकारी खजाने/बैंक में जमा करवाना अपेक्षित है|

आय के चयनित माह के अंकेक्षण के दौरान पाया गया नगर पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार यूजर चार्जेज (Door to Door Collection) से प्राप्त राशि को 6 दिन से लेकर 82 दिन के लम्बे

अन्तराल के बाद रोकड़ बही में इंद्राज कर बैंक में से जमा करवाया है , जोकि सामान्य सरकारी वित्त नियम के विपरीत है, इससे सरकारी धन के दुर्विनियोजन से इंकार नही किया जा सकता। जिस बारे नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जाए।

| Sr.No. | Ward No | Book No | Receipt No (From-to) | Receipts Date /Period | Date of Entered in Cash book/ Deposit in bank | Amount (₹) | No of late days |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 106 | 91 | 10.10.2023 | 01.01.24 | 100 | 82 |
| 2 | 3 | 106 | 92-94 | 02-12-2023 | 01.01.24 | 400 | 30 |
| 3 | 3 | 106 | 95-100 | 04-12-2023 | 01.01.24 | 600 | 28 |
| 4 | 7 | 110 | 33-56 | 14-12-2023 | 01.01.24 | 2300 | 18 |
| 5 | 7 | 110 | 57-76 | 27-12-2023 | 01.01.24 | 1950 | 5 |
| 6 | 3 | 114 | ,01-26 | 04-12-2023 | 01.01.24 | 3500 | 28 |
| 7 | 3 | 114 | 27-41 | 14.12.2023 | 01.01.24 | 2600 | 18 |
| 8 | 3 | 114 | 42-59 | 15.12.2023 | 01.01.24 | 2000 | 17 |
| 9 | 3 | 114 | 60-76 | 16.12.2023 | 01.01.24 | 1700 | 16 |
| 10 | 3 | 114 | 77-88 | 17.12.2023 | 01.01.24 | 1200 | 15 |
| 11 | 3 | 114 | 89 | 18.12.2023 | 01.01.24 | 100 | 14 |
| 12 | 3 | 114 | 90 | 26-12-2023 | 01.01.24 | 100 | 6 |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 15 दिनाँक 01.01.25 के प्रत्युतर में सचिव ने पत्र संख्या शून्य दिनाँक 15.02.25 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य यूजर चार्जेज (Door to Door Collection) से प्राप्त नगद राशि को समय रहते बैंक में जमा करवा दिया जाएगा। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में नगर पंचायत की समस्त प्राप्तियों को नियमानुसार रोकड़ बही में दर्ज कर बैंक में जमा करवाया जाए एवं इस प्रकार की त्रुटी न दोहराई जाए।

## 9.4 वार्ड वार संधारित रजिस्टरों में पाई गई अनियमिताएं :-

अंकेक्षण के दौरान घर-घर से कूड़ा एकत्रीकरण से अर्जित आय के लिए वार्ड वार संधारित रजिस्टरों के अवलोकन दौरान निम्न अन्य अनियमितताएं भी पाई गई :-

1. आय से संबंधित वार्ड-वार लगाये गये रजिस्टरों/ खाताबही के प्रथम पृष्ठ पर सक्षम अधिकारी की ओर से पृष्ठ गणना प्रमाण पत्र दर्ज़ नही किया गया था |

2. रजिस्टर में दर्ज़ प्रविष्टियों को न तो संधारित कर रहे कर्मचारी द्वारा तथा न ही उसके निरीक्षण अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था।

3. खाता बहियों /रजिस्टरों में करदाता के नाम, मोबाइल नम्बर ,पते इत्यादि दर्ज नही किये गये थे |

4. प्रस्ताव संख्या 53/2021, दिनाँक 24.08.21 द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कूड़ा पैदा करने वाली इकाइयों (Garbage Generating Units) हेतु तथा एक ही प्रकार की इकाइयों का भी विभिन्न उप-श्रेणियों में जैसा कि आवास के प्रसंग में क्षेत्रफल, विद्यालयों के प्रसंग में विद्यार्थियों की संख्या, कार्यालय, गेस्ट हाउस, पी. जी. के प्रसंग में कमरों की संख्या, हॉस्पिटल के प्रसंग में बेड्स की संख्या तथा कुछ व्यवसायों के प्रसंग में व्यवसाय के स्केल के आधार पर वर्गीकरण कर/ चार्जेज की दरें निर्धारित की गई थी तथा तदानुसार ही वसूली तथा अभिलेख सृजन भी अपेक्षित था। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा वार्ड वार संधारित रजिस्टरों में करदाता की श्रेणी तथा उप-श्रेणी तथा उनसे देय दर बारे कोई स्पष्ट उल्लेख नही पाया गया जो कि अनियमित है तथा अंकेक्षण के दौरान नमूना परिक्षण के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा सभी श्रेणियों से दो दरें ₹100/- (household) तथा ₹200/- ( अन्य) के अंतर्गत ही यूजर चार्जेज /कर वसूला जा रहा है, जिस कारण नगर पंचायत को निरंतर वित्तीय हानि हो रही है। चर्चा दौरान अंकेक्षण को बताया गया कि भविष्य में उपरोक्त वर्णित अनियमिताओं को ध्यान में रखकर रजिस्टरों का रख-रखाव किया जाएगा | अत: घर-घर से कूड़ा एकत्रीकरण हेतु यूजर चार्जेज प्राप्ति के लिए लगाये गये रजिस्टरों का नियमानुसार संधारित कर कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

**10.1 तह बाजारी की ₹5435/- वसूली हेतु शेष :-**

अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट " 8"** पर प्रस्तुत सूचनानुसार नगर पंचायत को दिनांक 31-03-2024 तक कुल राशि ₹5,435/-तहबाजारी के रूप में वसूलनी शेष थी, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Year | Opening Balance (₹) | Demand (₹) | Total (₹) | Collection (₹) | Balance (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 0 | 140000 | 140000 | 134565 | 5435 |

**10.2 तह बाजारी की मांग एवं संग्रहण पंजिका प्रस्तुत न करने बारे :-**

संस्था द्वारा अंकेक्षण को तहबाजारी की मांग तथा संग्रहण पंजिका प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके अभाव में तहबाजारी की मांग , प्राप्ति तथा बकाया राशि की पुष्टि अंकेक्षण में नही की जा सकी | अधियाचना संख्या 09 दिनाँक 20.01.25 द्वारा तहबाजारी रजिस्टर को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया था, परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सम्बन्ध में कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अत: उपरोक्त बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तहबाजारी के मांग तथा संग्रहण रजिस्टर को अंकेक्षण में सत्यापना हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किए जाएं।

## 11.1 विवाह का पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से न करने बारे :-

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा विवाहों का पंजीकरण 27.09.2022 के उपरान्त भी ऑनलाइन माध्यम/मोड से करने के अतिरिक्त मैन्युअल आधार पर किया जा रहा है, जोकि निदेशक, शहरी विकास के पत्र संख्या: UD-H(A)-(3)-3/87-V-40308-69 दिनांक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। अतः उपरोक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए व तुरन्त प्रभाव से आवश्यक आगामी कार्रवाई अमल में लाते हुए अंकेक्षण को भी अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

## 11.2 विवाह शुल्क शीर्ष के अंतर्गत एकत्रित राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना :-

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या-SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अन्तर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम, 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070-60-108-01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 04/23 से 03/24 के दौरान विवाह पंजीकरण से प्राप्त/एकत्रित ₹13,800/- (विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "9")** को उक्त राजस्व शीर्ष के अन्तर्गत जमा नहीं करवाया जा रहा था जोकि उक्त प्रावधान के दृष्टिगत अनियमित है। अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का औचित्य स्पष्ट करते हुए वसूली गई राशि को शीघ्रातिशीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 12. मोबाईल टावरों की स्थापना से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध न करवाने बारे :-

अंकेक्षण के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र में सरकारी जमीन पर स्थापित मोबाईल टावरों से सम्बन्धित सूचना /अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किया गया, जिससे दिनाँक 31/03/2024 को सरकारी जमीन पर स्थापित मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फ़ीस के रूप में कितनी राशि वसूली जानी अपेक्षित थी, का पता नही लगाया जा सका। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 8.2 में भी इस बारे लिखा गया था, चर्चा दौरान अंकेक्षण को बताया गया कि क्योकि यह नगर पंचायत (2020 में अधिसूचित) नई बनी है, इसलिए मोबाईल टावरों की स्थापना से सम्बन्धित अभिलेख नगर पंचायत में उपलब्ध नही है, जिस बारे गत पंचायत के सचिव से जानकारी प्राप्त करके अंकेक्षण को

अवगत करवा दिया जाएगा । अत: नगर पंचायत क्षेत्र में स्थापित मोबाइल टावर स्थापना से सम्बन्धित सूचना/अभिलेख पंचायती राज विभाग से प्राप्त कर अनुपालना से भी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**13 बिजली उपकर की वसूली न करना व बिजली उपकर मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर तैयार न करना:-**

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या एल० यस० जी० डी० 94 / 9 (1) दिनाँक 24.08.2000 के अनुसार नगर पंचायत के क्षेत्र में बिजली की कुल खपत पर एक पैसा प्रति यूनिट की दर से बिजली बोर्ड द्वारा नगर पंचायत को भुगतान किये जाने का प्रावधान है I अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अवधि 01.04.23 से 31.03.24 के लिए बिजली उपकर की वसूली बिजली विभाग से नहीं की गई थी |अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा बिजली उप-कर मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था जिसके अभाव में यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से वर्ष 2023-24 तक बिजली उप-कर के रूप में कितनी राशि हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से प्राप्त की जानी अपेक्षित थी ,कितनी राशि प्राप्त की गई है व कितनी राशि मार्च 2024 तक बिजली बोर्ड से लेनी शेष थी I अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व सम्बन्धित संस्था से इस राशि की वसूली एवं सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख/ आंकड़े एकत्रित करके अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए I

**14. Labour Cess (श्रम उपकर ) ₹1.59 लाख को सरकारी खाते में जमा न करवाने बारे :-**

नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाए गए अभिलेख / प्रदत्त सूचना (विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " 10")** के अवलोकन पर पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निर्माण कार्यों के संविदा कारों के बिलों से 1% Labour Cess (श्रम उपकर ) के रूप में की गई कटौती ₹1,59,402/- को सम्बन्धित विभाग/ बोर्ड ( Himachal Pardesh Building and other construction Worker Welfare Board) में जमा नही करवाया गया जोकि गम्भीर मामला है |

उक्त अनियमितता को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 11 दिनाँक 21.01.2025 द्वारा सचिव के ध्यान में लाया गया जिसके प्रत्युत्तर में पत्र सं० शून्य दिनांक 15.02.25 के माध्यम से अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नगर पंचायत में फण्ड की कमी के कारण उपरोक्त राशि जमा नहीं करवाया जा सका तथा शीघ्र ही इसे जमा करवा दिया जाएगा | अत: उपरोक्त श्रम उपकर को सम्बन्धित संस्था में जमा करवा जाए तथा यदि अंकेक्षण अवधि से पूर्व की भी कोई राशि जमा

नही हुई तो उसे भी जमा करवा कर कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाए |

इसके अतिरिक्त यहाँ यह कहना भी उचित होगा कि यदि सम्बन्धित विभाग द्वारा कोई दण्ड अथवा अधिभार लगाया जाता है तो नगर पंचायत का DDO (आहरण एवं वितरण अधिकारी) निजि रूप से इसके लिए जिम्मेवार होगा।

**15.1 Sanitation Contractor- M/s Sanjay Kumar को किये ₹ 3,42,700/- के भुगतान बारे |**

वॉउचर संख्या 16,17 दिनाँक 09.01.24 ₹ 3,42,700/- ( M/s Sanjay Kumar bill No. 22 dated 02.01.24) के अंकेक्षण के दौरान निम्नलिखित अनियमिताएं पाई गई |

1. अनुबंध की शर्त (K) के अनुसार संविदाकार को सफाई कर्मचारियों का दैनिक उपस्थिति रजिस्टर का रख-रखाव करना होगा तथा साप्ताहिक हाजरी नगर पंचायत को प्रस्तुत करनी होगी ठेकेदार द्वारा सैनिटेशन कार्य पर नियुक्त , 25 सफाई कर्मचारियों की हाजरी से सम्बन्धित रिकॉर्ड/अभिलेख उक्त वॉउचर के साथ संलग्न नहीं था,जिससे अंकेक्षण में पुष्टि नही हो सकी कि संविदाकार द्वारा वास्तव में सफाई के कार्य हेतु रखे गये सभी कर्मचारियों द्वारा माह 12/23 में सफाई का कार्य किया गया अथवा नहीं।

2. अनुबंध की शर्त (L) के अनुसार संविदाकार को साप्ताहिक शिकायत रिपोर्ट (प्राप्त शिकायतों की संख्या तथा शिकायतों का समाधान) नगर पंचायत को प्रस्तुत करनी होगी, साप्ताहिक शिकायत रिपोर्ट भी उक्त वॉउचर के साथ संलग्न नहीं थी।

3. सफाई कर्मचारियों का ESI/EPF अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण,अंशदान , कटौती तथा कर्मचारी भविष्य निधि में जमा राशि से सम्बन्धित रिकॉर्ड/चालान नस्ति में उपलब्ध नही थे, जिसके अभाव में अंकेक्षण में पुष्टि नही हो सकी कि संविदा कार द्वारा सफाई पर रखे कर्मचारियों का नियमानुसार ESI/EPF सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया जा रहा है या नहीं।

अंकेक्षण में यह भी पाया गया कि उपरोक्त संविदाकार को निम्न विवरणानुसार 01.01.22 से 31.03.25 तक पांच बार एक्सटेंशन दी गई थी, जबकि कार्यवाही रजिस्टर प्रस्ताव संख्या 238 दिनाँक 28.03.23 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करना अपेक्षित थी। इस प्रकार ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित न करके बाजारी प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया। इसके अतिरिक्त संविदाकार को मासिक भुगतान की निर्धारित राशि के लिए न्यायोचित दर (Justification and Rate Analysis) का निर्धारण भी नहीं किया गया था।

| Particulars | Period | Monthly Amount (₹) | No of Safai Karmchari & Vehicles provided by Contractor (As per agreement) |
|---|---|---|---|
| Initial /Started | 01.01.22 to 31.12.22 | 2,53,200/- | 20 person+1 vehicles |
| | 01.05.22 to 31.12.22 | Rs.52000/- | Additional 5 person |
| Extesion | 01.01.23 to 31.03.23 | 3,42,700/- | 25 person + 1 vehicles |
| Extesion | 01.04.23 to 31.12.23 | 3,42,700/- | 25 person + 1 vehicles |
| Extesion | 01.01.24 to 31.03.24 | 3,42,700/- | 25 person +1 vehicles |
| Extesion | 01.04.24 to 30.06.24 | 3,42,700/- | 25 person +1 vehicles |
| Extesion | 01.07.24 to 31.03.25 | 4,17,700/- | 24 person +1 Supervisor and 1 Vehicle |

अंकेक्षण के दौरान अंकेक्षण अधियाचना संख्या 16 दिनांक 03.02.25 के प्रतिउत्तर पत्र संख्या शून्य दिनाँक 15.02.25 द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया कि भविष्य में संविदाकार को अनुबंध में वर्णित शर्तों के पूरा करने के उपरान्त ही भुगतान किया जाएगा तथा न्यायोचित दर निर्धारण उपरान्त ऑनलाइन आधार पर टेंडर आमंत्रित किये जाएगे। अत: वर्णित अनियमितता बारे पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 15.2 टेंडर से सम्बन्धित अभिलेख को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे :-

वॉउचर संख्या 18,19 दिनाँक 09.01.24 ₹ 42,000/- ( M/s Sunil Kumar , Bill No. 23 dated 02.01.24) के अंकेक्षण तथा नगर पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई सूचना के अनुसार नगर पंचायत द्वारा Door to Door से एकत्रित गार्बेज कलेक्शन को काँगड़ा सॉलिड Waste सेंटर में पहुँचाने के लिए M/s Sanjay Kumar के साथ मासिक ₹42,000/- पर चौपहिया वाहन प्रदान करने के लिए 30.09.23 को अनुबंध किया गया | नगर पंचायत द्वारा इससे सम्बन्धित अभिलेख को अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किया तथा अनुबंध की शर्त" 5" के अनुसार संविदाकार को वाहन में लगाए गये कर्मचारी/ड्राईवर की प्रतिदिन की हाजरी नगर पंचायत के पास दर्ज करवानी होगी, उसका हाजरी रजिस्टर भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किया गया |

इसके अतिरिक्त अंकेक्षण में यह भी पाया गया कि उपरोक्त संविदाकार को निम्न विवरणानुसार शुरू(30.09.23) से अब तक तीन बार एक्सटेंशन दी गई है नगर जबकि , पंचायत के रजिस्टर प्रस्ताव संख्या कार्यवाही 239 दिनाँक 28.03.23 के अनुसार वित्तीय वर्ष

2024-25 के लिए ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित करनी अपेक्षित थी जो नही की गई। अतः उक्त अनियमितताओं बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

**M/s Sunil Kumar (Supply of one vehicle for carrying garbages to Kangra**

| Particulars | Period | Monthly Amount (₹) | Remarks |
|---|---|---|---|
| | Initial date to 30.09.23 | -- | Tender files agreement not presented |
| Extesion | 01.10.23 to 31.03.24 | 42000/- | |
| Extesion | 01.04.24 to 30.06.24 | 42000/- | |
| Extesion | 01.07.24 to 31.03.25 | 42000/- | |

उपरोक्त अनियमितताओं को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 16 दिनांक 03.02.25 द्वारा सचिव नगर पंचायत के ध्यान में लाया गया व उनके प्रत्युत्तर पत्र सं० शून्य दिनांक 15.02.25 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि टेंडर फाइल को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा तथा भविष्य में इसका ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किया जाएगा | अत: उक्त टेंडर फाइल को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत करें तथा अनुबंध समाप्ति उपरान्त ऑनलाइन टेंडरआमंत्रित कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत किया जाए |

**16. विद्यालय में Speech Stage निर्माण के लिए प्राप्त ₹ 4.00 लाख के एवज में ₹5.46 के कार्य निष्पादन बारे :-**

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई सूचना के अनुसार दिनाँक 27.02.23 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, शाहपुर से चैक संख्या 452820 के द्वारा ₹4.00 लाख की राशि विद्यालय में " Speech Stage " के निर्माण कार्य के लिए प्राप्त हुई |

नगर पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार उपरोक्त कार्य को दो अलग-अलग नामों (Furnishing work of small speech stage in Govt Sr. Sec School Shahpur ₹ 1,28,180/- व Stage Govt Sr. Sec School Shahpur ₹ 4,17,518/-) से कुल ₹ 5,45,698/-राशि के कार्य हेतु व्यय की गई :-

| Tender No | Date | Name of Work | Estimated Cost (₹) | Awarded Amount (₹) | Amount Assessed by JE (₹) | Payment paid (₹) | Balance to be paid (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NPS/2023/1855-1861 | 17.02.23 | Furnishing work of small speech stage in Govt Sr. Sec School | 121869 | 128180 | 128391 | 128391 | 0 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Shahpur | | | | | |
| NPS/2023/978-83 | 17.03.23 | Stage Govt Sr. Sec School Shahpur | 283734 | 417518 | 417207 | 271609 | 145598 |
| | | **Total** | **405603** | **545698** | **545598** | **400000** | **145598** |

इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर से Speech Stage निर्माण के लिए प्राप्त राशि ₹4,00,000/- के एवज में ₹5,48,598/- का कार्य निष्पादित कर दिया गया जो कि अनियमित हैं तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर से बकाया राशि ₹1,45,598 ( 5,45,598-4,00,000 ) को प्राप्त भी नही किया गया है |

उपरोक्त अनियमितता को अंकेक्षण की अधियाचना संख्या 17 दिनाँक 04.02.25 द्वारा सचिव, नगर पंचायत के ध्यान में लाया गया लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तक प्रत्युत्तर प्रस्तुत नही किया गया । अत: नगर पंचायत द्वारा निर्माण कार्य के लिए प्राप्त राशि ₹4.00 लाख के एवज में ₹5.46 लाख अर्थात ₹1.46 लाख के अधिक राशि के कार्य आवंटित व निष्पादित करने तथा एक ही निर्माण कार्य को दो निर्माण कार्यो में विभाजित करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर से बकाया राशि ₹1,45,598 (5,45,598-4,00,000) को प्राप्त कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

**17. संविदाकार द्वारा MMSAGY के अन्तर्गत स्थानीय श्रमिकों को मजदूरी कार्य प्रदान न करने बारे :-**

निर्माण कार्य के अवार्ड पत्र संख्या NPS/2023-1950 दिनाँक 16.03.23 की शर्त संख्या 21 के अनुसार , "The contractor shall employ local labour under MMSAGY and minimum 5% of the awarded amount shall be deducted and be paid to the labour under MMSAGY." ठेकेदार MMSAGY के तहत स्थानीय श्रमिकों को नियुक्त करेगा और अवार्ड की गई राशि का न्यूनतम 5% काट लिया जाएगा और MMSAGY के तहत श्रमिक को भुगतान किया जाएगा।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संविदाकार द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य में MMSAGY के तहत स्थानीय श्रमिकों को नियुक्त नही किया गया जो कि उपरोक्त अवार्ड की शर्तों का उल्लघन था |

| कार्य का नाम | अवार्ड पत्र संख्या/दिनाँक | संविदाकार का नाम | माप पुस्तिका /पृष्ट संख्या | कार्य अवार्ड राशि (₹) | अवार्ड राशि का 5% (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| C/o Small Speech Stage in Govt Sr. Sec. School Shahpur | NPS/2023-1950/16.03.23 | M/s Pankaj Nariyal | ,04/73 | 417518 | 20876 |

उपरोक्त अनियमितता को अंकेक्षण की अधियाचना संख्या 18 दिनाँक 05.02.25 द्वारा सचिव, नगर पंचायत के ध्यान में लाया गया के प्रत्युत्तर में अंकेक्षण को उनके पत्र संख्या शून्य दिनाँक 15.02.25 सूचित किया गया कि भविष्य में संविदाकार से उपरोक्त शर्त का पालन करवाया जाएगा | अत: भविष्य MMSAGY के तहत स्थानीय श्रमिकों को उपरोक्त शर्त के अनुसार संविदा कार के निर्माण कार्य में नियुक्त करना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**18. मुख्यमन्त्री शहरी आजीविका गारंटी योजना के अन्तर्गत ₹0 .75 लाख के भुगतान बारे :-**

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह के अंकेक्षण में पाया गया नगर पंचायत शाहपुर द्वारा वॉउचर संख्या 28 , दिनाँक 12-01-24 को मुख्यमन्त्री शहरी आजीविका गारंटी योजना के अंतर्गत ₹ 74,625/- (199 man days@375) का भुगतान किया गया है, जिसमें निम्न अनियमितता पाई गई :-

1. हाजरी रजिस्टर को कनिष्ठ अभियंता/प्राधिकृत आधिकारी द्वारा सत्यापित नही किया गया।
2. MMSAGY योजना के अन्तर्गत Self Works की योजना तैयार करके हॉउस से स्वीकृत करवाया जाना अपेक्षित था तथा उसकी सूचना निदेशक, शहरी विकास विभाग, शिमला -09 को प्रेषित करनी अपेक्षित थी, से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किये गये।
3. MMSAGY के अन्तर्गत किए कार्य को कनिष्ठ अभियंता द्वारा मापन व सत्यापित नहीं किया गया |
4. MMSAGY योजना के दिशा -निर्देश संख्या 8सी के अनुसार मजदूरी का भुगतान पाक्षिक ( Fortnightly ) आधार पर 7 दिनों के भीतर किया जाना अपेक्षित है, जबकि नगर पंचायत द्वारा मजदूरी का भुगतान मासिक आधार पर किया गया था।

इसके अतिरिक्त उपरोक्त मजदूरी की राशि का भुगतान 12 व्यक्तियों को किया गया तथा वॉउचर के साथ संलग्न शीट में दर्शाए इन व्यक्तियों के जॉब कार्ड संख्या को ऑनलाइन जाँच

करने पर पाया गया कि वॉउचर में जो नाम दर्ज किया गया ऑनलाईन पोर्टल में कोई और नाम दर्शाया जा रहा है। जोकि अनियमित प्रतीत होता है जिसे न्यायोचित ठहराया जाए।

| क्र०सं० | जॉब कार्ड न० | वॉउचर के साथ सलग्न शीट के अनुसार नाम | ऑनलाइन पोर्टल पर दर्शाए नाम | टिप्पणी | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02242970151004 | Neelam Devi | Anu Radha | | 6750 |
| 2 | 02242970152007 | Gohadi Devi | Kamaljeet | | 4500 |
| 3 | 02242970152008 | Anjana Kumari | Gohadi Devi | | 6000 |
| 4 | 02242970153001 | Sumana Devi | Rekha Devi | | 6750 |
| 5 | 02242970153002 | Seema Devi | Sumana Devi | | 5625 |
| 6 | 02242970157053 | Sarita | Not found | | 7500 |
| 7 | 02242970157037 | Aman Kumar | Not found | | 7500 |
| 8 | 02242970157051 | Suman Kumar | Not found | | 5625 |
| 9 | 02242970157006 | Rita Devi | Salochana Devi | | 5625 |
| | | | | **Total** | **55875** |

अंकेक्षण के दौरान अंकेक्षण अधियाचना संख्या 20 दिनाँक 11-02-2025 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने हेतु सचिव, नगर पंचायत से अनुरोध किया गया के प्रत्युत्तर में सचिव, नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण को सूचित किया गया भविष्य में उक्त अनियमितताओं को ध्यान रखते हुए भुगतान किया जाएगा तथा जॉब कार्ड में नामों में विभिन्नता के बारे में छानबीन उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। अत: भविष्य में सरकार द्वारा मुख्यमन्त्री शहरी आजीविका गारंटी योजना के अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना अनुपालना से लेखा परीक्षा को भी अवगत करवाया जाए।

**19. प्रधानमन्त्री आवास योजना के अन्तर्गत ₹29.65 लाख के भुगतान बारे :-**

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह के अंकेक्षण में पाया गया नगर पंचायत शाहपुर द्वारा वॉउचर संख्या 15 , दिनाँक 09-01-24 को प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत निम्नलिखित विवरणानुसार 62 लाभार्थियों को ₹ 29,75,000/का भुगतान किया गया था, जिसमें निम्न अनियमितता पाई गई :-

(i) प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के अंतर्गत लाभ लेने हेतु प्रस्तुत आवेदन व समर्थित दस्तावेज़ से संबंधित नस्तियां अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गई ।

(ii) स्वीकृति आदेश पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किये गये।

(iii) निर्माण कार्य की चरणवार Geo-tagging report अभिलेख में उपस्थित नही थी।

| Sno | Particulars | No of Beneficiaries | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | First Installment | 6 | 3,00,000.00 |
| 2. | Second Installment | 23 | 11,50,000.00 |
| 3. | Third Installment | 24 | 12,00,000.00 |
| 4. | Fourth Installment | 9 | 3,15,000.00 |
| | | **Total** | **29,65,000.00** |

उपरोक्त अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 19 दिनाँक 10-02-2025 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने हेतु सचिव, नगर पंचायत से अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पत्र संख्या शून्य दिनाँक 15.02.25 के माध्यम से सूचित किया कि उपरोक्त दस्तावेजों को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। अत: उपरोक्त अनियमितताओं बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए व वर्णित अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

**20. समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन पर ₹5667/- का अधिक भुगतान:-**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या-2006/01-15pub-92-14263 दिनांक 30-08-2006 व पत्र संख्या 1 &PR-H(F)-4(APP)/2013 दिनांक 5-7-2013 में दिये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार समस्त विभागो, बोर्ड, कार्पोरेशन द्वारा दिये जाने वाले सभी प्रकार के विज्ञापन सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग हिमाचल प्रदेश के माध्यम से छपवाये जाने आवश्यक थे। सूचना व प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की कार्यकारी एजेंसी ब्यूरों ऑफ आउटरीच एंड कम्युनिकेशन (Bureau of Outreach and Communication){erstwhile DAVP} व विभिन्न समाचार पत्रों के प्रकाशकों के मध्य हुए अनुबंध के अनुसार सभी सरकारी संस्थान विभिन्न विज्ञापन हेतु अनुबंधित प्रति वर्ग सेंटीमीटर की दर पर 15% की छूट लेने हेतु योग्य है। अंकेक्षण के दौरान समाचार पत्रों को दिए विज्ञापनों की नमूना पड़ताल पर पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार ₹**37,779/-** (विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "1[illegible]"**) का भुगतान विज्ञापनों हेतु किया गया उन पर 15% की छूट प्राप्त नही की गई, जिस कारण विज्ञापनों हेतु भुगतान अनुबंधित दरो की तुलना में अधिक दरों से करने के कारण ₹5667/- का अधिक भुगतान किया गया।

| Year | Total Amount paid for Advertisement published in different Newspapaers | Rate | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 2023-24 | 37,779.00 | 15% | 5,667.00 |

अत: वर्णित अनियमितता को या तो न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इस सन्दर्भ में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 21 . गलत वेतन निर्धारण के कारण राशि ₹4020/- का अधिक भुगतान करने बारे :-

हि० प्र० सरकार वित्त (नियमन) विभाग की अधिसूचना संख्या Fin( C )-B(7 )-1/2021 दिनाँक 03.01.2022 के नियम 8 (iv)(a) के अनुसार - (iv) In case the Govt Employee opt to get his pay fixed from the date of his next increment, in the level of the post from which Govt employees is promoted , his pay shall be regulated as under. (a) from the date of promotion till his date of next increment, the Govt Employee shall be placed at the next higher cell in the level of the post to which he is promoted"

श्री प्रदीप कुमार ( सचिव ) की सेवा पुस्तिका के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि श्री प्रदीप कुमार को दिनाँक 18.02.20 को Sanitary Inspector ( लेवल-10 , सेल-8 , वेतन राशि 46,800/-) से Secretary (लेवल-12) के लिए पदौन्नत किया गया | चूँकि श्री प्रदीप कुमार ( सचिव ) द्वारा FR (22)(1)(a)(i) के अंतर्गत वेतन निर्धारित करवाया था , व उनकी अगली वेतन वृद्धि तिथि 01.05.20 निर्धारित थी , अत: उपरोक्त नियमानुसार इनका दिनाँक 18.02.20 से 30.04.20 तक का वेतन ₹ 47,000/- ( लेवल-12, सेल-4) पर निर्धारित होना अपेक्षित था | जबकि नगर पंचायत द्वारा दिनाँक 18.02.20 से 30.04.20 तक का वेतन ₹ 48,400/- ( लेवल-12, सेल-5) पर निर्धारित किया गया | इस प्रकार 18.02.20 से 30.04.20 के दौरान कुल ₹4020 /- (Basic-3350+DA 20%-670) का अधिक वेतन निर्धारित किया गया , जिसका विवरण निम्न प्रकार से है |

| | |
|---|---|
| Name of Emplyee | Sh. Pardeep Kumar |
| Date of Promotion | 18.02.20 |
| Pay fixation option | FR-22(1)(a)(i) |
| Date of joining on promoted post | 18.02.20 |

| | |
|---|---|
| Post from which is promoted | Sanitary Inspector |
| Pay on 17.02.20 on the post of Sanitary Inspector | 46800 (Level-10,Cell-8 |
| Post to which is promoted | Secretary |
| Pay fixed wef 18.02.20 to 30.05.20 | 48400 (Level-12,Cell-5) |
| Pay to be fixed wef 18.02.20 to 30.04.20 | 47000 (Level-12,Cell-4) |

| **Month/Period** | **Pay Fixed= 48400/-** | **Pay to be Fixed =47,000** | **Difference** |
|---|---|---|---|
